सत्यमेव जयते

राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड
प्रेस विज्ञप्ति–2

राजभवन देहरादून 14 नवम्बर, 2024

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने गुरुवार को परेड ग्राउंड, देहरादून में आयोजित ''उत्तराखण्ड राज्य स्तरीय युवा महोत्सव 2024–25'' के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग किया। इस अवसर पर उन्होंने विभिन्न खेल उपकरणों पर आधारित स्टॉलों का निरीक्षण किया और युवा महोत्सव के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित कर उनकी प्रतिभा को सराहा।

समारोह को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि युवाओं का जोश और जज्बा हमारी सबसे बड़ी ताकत है। युवाओं के सामर्थ्य और जुनून के बल पर हम उत्तराखण्ड को एक विकसित राज्य तक ले जा सकते हैं। प्रदेश सरकार द्वारा युवाओं की प्रतिभा को निखारने और उन्हें आगे बढ़ाने के लिए इस प्रकार का मंच प्रदान किया गया है, जो निःसंदेह उनके विकास में सहायक सिद्ध होगा। उन्होंने कहा कि इस महोत्सव ने हमारी परंपराओं और आधुनिकता का अनूठा संगम प्रस्तुत किया है।

राज्यपाल ने विशेष रूप से महोत्सव में आयोजित मुर्गा झपट और पिट्ठू जैसे परंपरागत खेलों की सराहना की। उन्होंने कहा कि इन विलुप्त हो रहे परंपरागत खेलों को पुनर्जीवित करने का यह प्रयास सराहनीय है और इससे उत्तराखण्ड के युवा खेलों के क्षेत्र में राज्य का नाम राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर रोशन करेंगे।

38वें राष्ट्रीय खेलों की तैयारी के मद्देनजर महोत्सव में स्पोर्ट्स एक्सपो का आयोजन भी किया गया, जिसमें खेल विभाग के विभिन्न हॉस्टलों और स्पोर्ट्स कॉलेजों के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। विशेषज्ञों द्वारा इन खिलाड़ियों को खेल संबंधी विभिन्न विषयों पर मार्गदर्शन प्रदान किया गया। राज्यपाल ने आशा व्यक्त की, कि हमारे राज्य के खिलाड़ी राष्ट्रीय खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर उत्तराखण्ड का नाम रोशन करेंगे।

राज्यपाल ने युवाओं से आग्रह किया कि वे किसी भी प्रकार के नशे और ड्रग्स की आदतों से दूर रहें। उन्होंने युवाओं को हमेशा बड़े सपने देखने और उन्हें प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर विशेष प्रमुख सचिव खेल अमित सिन्हा, निदेशक खेल प्रशांत आर्य सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

............0............